मुझको भी साँवरे का प्यार मिले

मुझको भी सांवरे का प्यार मिले,
दुनिया का प्यार मिले ना मिले,
बस तेरा ही दीदार मिले,
चाहे दुनिया में जन्म दोबारा ना मिले,
मुझको भी सांवरे का प्यार मिले,
दुनिया का प्यार मिले ना मिले.....

तेरे चरणों की धूल ही बनकर तेरे कदमों में बस जाऊं मैं,
सारा जीवन रखना यूं ही ऐसे ही दर जाऊं मैं,
ऐसा ही मुझे सत्कार मिले,
चाहे दुनिया में जन्म दोबारा ना मिले,
मुझको भी सांवरे का प्यार मिले,
दुनिया का प्यार मिले ना मिले.....

मुझे अपने दर का भिखारी बना मैं भीख मांग कर खा लूंगा,
रख लो अपनी चौखट पर ऐसे ही कर्म कमा लूंगा,
ऐसा जीवन सौ बार मिले, चाहे दुनिया में जन्म दोबारा ना मिले,
मुझको भी सांवरे का प्यार मिले,
दुनिया का प्यार मिले ना मिले....

सुख दुख दोनों हाथ तेरे तेरे हाथ पर श्याम खुदाई है,
मेरे जैसे कितनों की तूने तकदीर बनाई है,
मुझको भी तेरा दरबार मिले, चाहे दुनिया में जन्म दोबारा ना मिले,
मुझको भी सांवरे का प्यार मिले,
दुनिया का प्यार मिले ना मिले....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29196/title/mujhko-bhi-sanwre-ka-pyar-mile

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |